खबर संक्षेप

## राम का आशीर्वाद: अभिनव ने बढ़ाया मान



**शहडोल।** पहले ही प्रयास में एनडीए फतह करने वाले अभिनव पाण्डेय का पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने सम्मान किया, कोतवाली में पदस्थ एएसआई रामराज पाण्डेय एवं शिक्षक श्रीमती स्मिता पाण्डेय के सुपुत्र अभिनव पाण्डेय ने अपने पहले ही प्रयास में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एनडीए परीक्षा में सफलता अर्जित की है। अभिनव ने कक्षा 1 से 10 तक कन्वेन्ट स्कूल में शिक्षा अर्जित की, कक्षा 11वीं एवं 12 वीं की शिक्षा एपीएस स्कूल कोटा राजस्थानद्ध से पूर्ण की। एनडीए की परीक्षा 01 सितम्बर 2024 को आयोजित हुई, फाइनल रिजल्ट 11 अप्रैल 2025 को आया, अभिनव का चयन भारतीय वायुसेना के फ्लाईंग ऑफिसर के पद पर हुआ है। अभिनव की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पुलिस परिवार सहित पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया, जो पूरे विभाग और जिले के लिए गर्व का विषय है। यह सफलता यह दर्शाती है कि अनुशासन, परिश्रम और सही मार्गदर्शन से कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। अभिनव पाण्डेय अब देश की सेवा के लिए भारतीय वायुसेना में उड़ान भरने को तैयार हैं। पुलिस परिवार सहित सम्पूर्ण शहडोल वासियों की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ।

### सरकारी जमीनें दबा कर निस्तार भी बंद कर रहा

# दबंग की अवैध कब्जेदारी से पंचायत का विकास हो रहा अवरुद्ध

**शहडोल।** पंचायतों की सरकारी जमीनों पर आज भी दबंग कब्जा जमाए बैठे हैं, जिसके कारण पंचायतों के विकास में बाधा पहुंच रही है और आम निस्तार में भी खलल पड़ती है। सचिव व प्रशासन ने कभी भी सीमांकन कर अपनी जमीन छुड़ाने का प्रयास नहीं किया है। यही स्थिति सोहागपुर जनपद की खैरहा पंचायत की है, जहां रघुनंदन सिंह ने सरकार की लगभग 50 एकड़ जमीन हथिया रखी है। जिससे लोगों को असुविधा हो रही है। बताया गया कि रघुनंदन सिंह के पास सैकड़ों एकड़ पुस्तैनी जमीन है, इसके बावजूद उसने सरकारी जमीन हड़प रखी है। स्थिति यह है कि पंचायत के विकास कार्य रुके पड़े हैं। पंचायत में आमजन के निस्तार के लिए सडक़, नाली, शासकीय भवन, समुदायिक भवन, मंगल भवन, गल्ला भवन, आंगनवाडी भवन, आयुर्वेदिक आस्पताल भवन, आजीवका भवन, गौशाला भवन एवं अन्य प्रकार के शासकीय निर्माण कार्य किये जाने के लिए शासकीय भूमि की आवश्यकता है। लेकिन पंचायत को भूमि नहीं मिल पा रही है।

### यह है कब्जे की जमीनें

बताया गया कि रघुनंदन सिंह ने ग्राम पंचायत एवं आम निस्तार की दर्जनों एकड़ शासकीय भूमि हड़प रखी है, जिसका खसरा नं. 532/1 रकवा 0.089 हे0, 530 रकवा 0.214 हे0, 436 रकवा 0. 736 11/4/21 आदि हैं। एवं आम नागरीक को निस्तार मे लगातार समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा अन्य खसरों में रकवा 0.061 हे0, 785 रकवा 0.089 हे0, 791 रकवा 0.093 हे0, 792 रकया 0.607 हे0, 793 रकवा 0.049 हे0, 794 रकवा 0.134 हे0, 795 रकवा 0.069 हे0, 796 रकवा 0.129 हे0, 797 रकवा 0.105 हे0, 799 रकवा 0.032 है, 801 रकवा 0.045 हे0, 802 रकवा 0.016 हे0, 803 रकबा 0.012 हे0, 804 रकवा 0.061 हे0, 805 रकवा 0.016 हे0, 816 रकवा 0.287 हे0, 817/1 रकवा 0.405 हे0, 1106 रकवा 0.239 हे0, 1109/1 रकवा 0.502 हे0, 1114/1 रकवा 4.257 हे0, 1117/1144 रकवा 0.159 हे0, 1142 रकवा 1.461 हे0, 1144 रकवा 7.159 हे0 कुल 29 किता भूमि कुल रकवा 16.784 हे0 लगभग 41.5 एकड़ भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर कब्जा किया गया है। जिसमे कुछ भूमि पर खेती की जा रही है। कुछ आम निस्तार के पुराने रास्तो को बन्द किया गया है। कुछ भूमि पर काटे तार लगा कर कब्जा किया गया है। तथा कुछ भूमि पर वर्तमान मे बाउन्ड्री का निर्माण कार्य चल रहा है जिसे तत्काल प्रभाव से रोका जाना आवश्यक है।



### विकास में बना है बाधक

विगत ढाई वर्ष पूर्व पंचायत का गठन हुआ था, तब यहां विकास की तस्वीर खींची गई थी, लेकिन अब विकास में बाधा आ रही है। जहां भी ग्राम पंचायत द्वारा किसी प्रकार का निर्माण कार्य कराया जाता है तो, रघुनन्दन सिंह द्वारा हर शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया जाता है। हर भूमि को अपने पट्टे की भूमि बताया जाता है, थाने अथवा तहसील में शिकायत कर शासकीय कार्य को रोकते हुए परेशान किया जाता है। साथ ही कार्य बंद कराये जाने के लिए बल पूर्वक दबाव बनाया जाता है एवं स्थगन लगवाया जाता है। विगत वर्ष मार्च 2024 में ग्राम पंचायत द्वारा प्रथमिक पाठशाला व आंगनवाडी पहुंच मार्ग मे सी.सी. रोड निर्माण कार्य कराया जा रहा था, उसमें भी इनके द्वारा थाने एवं आप के न्यायालय से स्थगन कराकर कार्य को रोका गया था, फिर पटवारी प्रतिवेदन के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि जिस स्थान पर सी.सी. रोड का निर्माण कार्य हो रहा है उक्त सभी नंबर शासकीय है, स्थगन आदेश न्यायालय से खारीज हुआ फिर सी.सी. रोड का निर्माण कार्य पूरा हुआ।

### नाली बंद कर बनवा रहा बाउण्ड्रीवाल

पूर्व मे सी.सी. रोड निर्माण हुआ था और सी.सी. रोड के बगल से आमलोगो के घरो के निस्तारी पानी की निकासी हेतु पक्की नाली का निर्माण कार्य कराया जाना था। जिसमे अडंग़ा डाला गया। जिसमे स्थगन के बाद पटवारी प्रतिवेदन से यह स्पष्ट हो गया कि उक्त रोड से लगे सभी खसरा नंबरों पर शासकीय भूमि है। फिर भी रघुनन्दन सिंह द्वारा विगत 1 माह से सी.सी. रोड से सटा कर कच्ची नाली के ऊपर नाली को बंद करते हुए बाउन्ड्री का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसमे लगभग 150 मी. बाउन्ड्री बनाई जा चुकी है, बाकी मे निर्माण कार्य लगातार चल रहा है। जिसके कारण लोगो के घरो का गन्दा पानी सी.सी. रोड मे बह रहा है और पूरी रोड में कीचड़ फैल गया है। जिससे लोगो को आने-जाने में परेशनी हो रही है तथा सी.सी. रोड खराब हो रही है, इसी प्रकार से इनके द्वारा अन्य कई पुराने शासकीय रास्तो एवं अन्य भूमियो को अवैध रूप से अतिक्रमण कर कब्जा किया गया है एवं जहां भी पंचायत द्वारा निर्माण कार्य किया जाता है, उनके द्वारा रोककर परेशान किया जाता है। अगले 2 माह में बारिस का मौसम आने वाला और बारिस के समय में पंचायत के अंदर सडक़ और नाली न होने से बारिस का पानी लोगो के घरो मे भर जाता है, जिससे लोग परेशान होते है एवं उनका नुकसान भी होता है।

## धनपुरी मण्डल को लेकर अंतिम दो नामों पर सिर्फ घोषणा बाकी

**धनपुरी।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जिले के शेष चार मण्डलों में अभी मण्डल अध्यक्षों की घोषणा किसी भी दिन की जा सकती है, जिसकों लेकर धनपुरी मण्डल की स्थिति बिल्कुल साफ हो चुकी है, अन्य मण्डलों की स्थिति स्पष्ट न होने के कारण यह माना जा रहा है कि अभी जब तक चारों मण्डलों की स्थिति सामने आ जाये, तभी घोषणा की जाये, कहने को तो, धनपुरी में दर्जन भर नाम मण्डल अध्यक्ष की दौड़ में है, लेकिन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छाबड़ा के कनिष्ठ पुत्र जानू झाबड़ा और पूर्व मण्डल अध्यक्ष व वर्तमान प्रभारी हेमंत सोनी का नाम लगभग तय कर दिया गया है। इसको लेकर भाजपा के अंदर खाने में किसी भी प्रकार की पशोपेश वाली स्थिति नजर नहीं आ रही।



### सहमति आदि, सिर्फ कोरम

मण्डल अध्यक्ष की नियुक्ति पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान एक बार की जा चुकी है, जिसे बाद में रद्द कर दिया गया था, बताया जा रहा है कि पार्षद भोला पनिका पूर्व में पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़े थे, इस लिहाज से उनके नाम की घोषणा के बाद भी उन्हें हटा दिया गया, वर्तमान में अजय शर्मा और अन्य नाम दौड़ में आगे दिखाये जा रहे हैं। हर नाम के लिए किसी न किसी तरह की आपत्ति की रूपरेखा भी तय की जा चुकी है, कोयलांचल में भाजपा दोहरे मापदण्डों को अपनाती नजर आ रही है, एक ओर जहां धनपुरी में पूर्व से भी पहले के मण्डल अध्यक्ष हेमंत सोनी को संगठन की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं बुढ़ार में कामाख्या राव की जगह दूसरे की नियुक्ति न होने पर भी उन्हें संगठन से दूर रखा गया है। बहरहाल यह माना जा रहा है कि दो मित्रों की जोड़ी हेमंत-जानू में से एक के नाम की घोषणा अब सिर्फ औपचारिक रह गई है।

### नरवाई न जलाने तथा इससे जैविक खाद बनाने की सलाह

**शहडोल।** कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को गेंहू तथा अन्य फसलों को काटने के बाद बचे हुए अवशेष (नरवाई) नहीं जलाने की सलाह दी गई है। इस संबंध में उप संचालक कृषि श्री आर पी झारिया ने कहा है कि नरवाई जलाने से एक ओर जहां खेतों में अग्नि दुर्घटना की आशंका रहती है। वहीं मिट्टी की उर्वरकता पर भी विपरीत असर पाता है। इसके साथ ही धुएँ से कार्बन डायआक्साइड की मात्रा वातावरण में जाती है जिससे वायु प्रदूषण होता है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगभग 6 इंच की ऊपरी सतह पर ही होती है। इसमें खेती के लिए लाभदायक मित्र जीवाणु उपस्थित रहते हैं। नरवाई जलाने से यह नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति को नुकसान होता है। नरवाई जलाने की बजाए यदि फसल अवशेषों को एकत्रित करके जैविक खाद बनाने में उपयोग किये तो यह बहुत लाभ दायक होगा। नाडेप तथा वर्मी विधि से नरवाई से जैविक खाद आसानी से बनाई जा सकती है। इस खाद में फसलों के लिए पर्याप्त पोषक तत्व रहते हैं। इसके आलावा खेत में रोटावेटर अथवा डिस्क हैरो चलाकर भी फसल के बचे हुए भाग को मिट्टी में मिला देने से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है।




## युवा कांग्रेस ने पशु चिकित्सालय के सिविल सर्जन के नाम सौंपा ज्ञापन



**शहडोल।** युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनुपम गौतम के मार्गदर्शन पर युवा कांग्रेस जिला महासचिव प्रियांशु चौबे (सोनू) के नेतृत्व एवं नगर उपाध्यक्ष सुहैल आलम के अध्यक्षता में संभागीय पशु चिकित्सालय की कई समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा है। युवा कांग्रेस ने कहा कि संभागीय पशु चिकित्सालय में असुविधाओं व्याप्त है। संभागीय पशु चिकित्सालय का समय सुबह 9 से दोपहर 4 बजे तक है, चिकित्सालय में चिकित्सा एवं कई अन्य कर्मचारी 11 उपस्थित होते है एवं चिकित्सालय में 1 से 1:30 तक भोजन का समय होता है, भोजन का समय पूर्ण होने के बाद कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित नहीं रहते है, जिस प्रकार रोगी पशु एवं पशु पालक को समस्याओं का सामना करना पड़ता है, चिकित्सालय में कई प्रकार की दवाइयां समय पर उपलब्ध नहीं रहती है, जैसे कि रेबीज का इंजेक्शन इत्यादि दवाइयां उपलब्ध नहीं हो पाती, चिकित्सालय में सोनोग्राफी एवं एक्स-रे मशीन एवं कक्ष उपलब्ध है, परंतु अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा बताया जाता है कि मशीन खराब है, चिकित्सालय में कई पद रिक्त है, चिकित्सालय में रोगी पशुओं के इलाज में कई प्रकार के उपकरणों की आवश्यकता है, परंतु चिकित्सालय में उपलब्ध नहीं हैं। युवा कांग्रेस ने कहा कि उक्त समस्त समस्याओं का संज्ञान लेकर अविलम्ब कार्यवाही की जाये, अन्यथा युवा कांग्रेस आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इन सभी असुविधाओं को लेकर युवा कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा है, जिसमें मुख्य रूप से युवा कांग्रेस सोहागपुर अध्यक्ष सनी खान , उपाध्यक्ष सत्यम प्रजापति, बिलाल खान, गज्जू , नायाब , मुस्ताक , अयान , अन्य युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## विश्वविद्यालय बना आईआईटी रुडक़ी का रिमोट सेंटर



**शहडोल।** शिक्षा और तकनीकी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय ने प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुडक़ी के साथ फैकल्टी ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए एमओयू साइन किया है। इस समझौते के तहत विश्वविद्यालय को आईआईटी रुडक़ी का आधिकारिक रिमोट सेंटर घोषित किया गया है। इस साझेदारी का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों के शिक्षकों और शोधार्थियों को मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा और उन्नत तकनीकी विषयों में प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस पहल के अंतर्गत आईआईटी रुडक़ी के विशेषज्ञों द्वारा डिज़ाइन किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अब शहडोल में ही उपलब्ध कराया जाएगा।इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.राम शंकर ने बधाई देते हुए कहा यह सहयोग न केवल विश्वविद्यालय की शैक्षणिक क्षमता को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, बल्कि शहडोल जैसे क्षेत्र को भी तकनीकी शिक्षा के राष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### कोऑर्डिनेटर की भूमिका में डॉ. रचना दुबे

इस प्रतिष्ठित पहल के लिए डॉ. रचना दुबे, सहायक प्राध्यापक, पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय को कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। वे इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन, समन्वय और संचालन की जिम्मेदारी निभा रही हैं। डॉ. दुबे ने बताया यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि हम आईआईटी जैसे संस्थान के साथ मिलकर राष्ट्रीय स्तर के ट्रेनिंग प्रोग्राम्स का हिस्सा बन रहे हैं। इससे हमारे क्षेत्र के शिक्षकों, छात्रों और शोधकर्ताओं को अत्याधुनिक ज्ञान और प्रशिक्षण का सीधा लाभ मिलेगा।

### तकनीकी विकास की दिशा में बड़ा कदम

यह एमओयू मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की पहल पर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड आई सी टी अकादमी, आईआईटी रुडक़ी के माध्यम से संपन्न हुआ है। इसका मुख्य उद्देश्य डिजिटल युग की चुनौतियों से निपटने हेतु शिक्षकों और तकनीकी पेशेवरों को प्रशिक्षित करना है। इस साझेदारी के तहत पहला फैकल्टी विकास कार्यक्रम साइबर अपराध जांच में मशीन लर्निंग का अनुप्रयोग: एक व्यवहारिक दृष्टिकोण पर आधारित है, जो 14 से 19 अप्रैल 2025 तक शहडोल विश्वविद्यालय परिसर में हाइब्रिड मोड में आयोजित किया जाएगा। इस उपलब्धि पर कुलसचिव प्रो.आशीष तिवारी एवं विश्वविद्यालय परिवार हर्ष व्यक्त किया है।



## बैसाखी पर्व आज

**शहडोल।** खालसा सजना दिवस बैसाखी पर्व 13 अप्रैल रविवार को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा घरौला मोहल्ला में मनाया जाएगा। बैसाखी पर्व के अवसर पर विशेष कीर्तन दीवान सजाए जा रहे हैं। इस अवसर पर पंजाब के मारकंडे से भाई मनराज सिंह जी साथियों के साथ शहडोल आए हुए हैं। उनके द्वारा कीर्तन दीवान सजाए जाएंगे। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा शहडोल में 11 अप्रैल को श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की आरंभता हो चुकी है। 11 अप्रैल की शाम से ही सुबह एवं शाम विशेष कीर्तन दीवान गुरुद्वारे में सजाए जा रहे हैं और उसके उपरांत लंगर भी बताया जा रहा है। 13 अप्रैल दिन रविवार को श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति सुबह 8:30 बजे होगी। सुबह 10:30 बजे से 11:00 बजे तक गुरु घर के हजूरी रागी ज्ञानी धर्म सिंह जी कीर्तन दीवान सजाएंगे 11:00 बजे से दोपहर 12:30 तक पंजाब से आए ज्ञानी मनराज सिंह जी अपने साथियों के साथ कीर्तन दीवान सजाएंगे। इसके उपरांत गुरु घर के हजूरी रागी ज्ञानी धर्म सिंह जी दोपहर 1:00 तक कीर्तन दीवान सजाएंगे अरदास के उपरांत लंगर की सेवा होगी। शहडोल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि 13 अप्रैल को खालसा साजना दिवस बैसाखी पर्व सभी कार्यक्रमों शामिल होकर गुरु की खुशियां प्राप्त करें और अपना जीवन सफल करें।



खबर संक्षेप

## स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने की थीम पर आयोजित होगा कार्यक्रम

**उमरिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि पोषण पखवाड़ा अंतर्गत 14 अप्रैल को बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने, समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन की थीम पर प्रभात फेरी का आयोजन, पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से मोटापे के जोखिम वाले बच्चों की पहचान कर उनके अभिभावको को पोषण परामर्श, बच्चों मे योग एवं शारीरिक व्यायाम आदि गतिविधियां, 10 दिवसीय शारीरिक माप दिवस का आयोजन कर निर्धारित बच्चों का वजन, लंबाई, उंचाई माप कर पोषण ट्रैकर ऐप में प्रविष्टि, स्कूलों मे पोषण सप्ताह की शुरूआत के साथ पोषण विषय पर पोषण संवाद एवं एनीमिया पहचान एवं प्रबंधन पर चर्चा, आयुष्मान आरोग्य मंदिर मे किशोरी बालिकाओ में खून की कमी की जांच शिविर का आयोजन, सामान्य से अधिक हिमोग्लोबिन स्तर वाली लालिमा बालिका का चिन्हांकन, सम्मान, एकलव्य मॉडयूल आवासीय स्कूलो मे एनीमिया शिविर गतिविधियां , श्री अन्न एवं मोटे अनाज के उपयोग व लाभ पर हितग्राहियों के साथ चर्चा की जाएगी । कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया है।

## दीवार लेखन के माध्यम से दिया जा रहा जल संरक्षण का संदेश



**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान जन अभियान बनता जा रहा है। अभियान में जनप्रतिनिधि , समाजसेवी , आम नागरिक , विद्यार्थी , शासकीय अधिकारी-कर्मचारी सभी मिलकर जल गंगा संवर्धन अभियान में कंधे से कंधा मिलकर कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। मप्र जन अभियान परिषद के परामर्श दाता संतोष त्रिपाठी व्दारा सेक्टर क्रमांक 2 निगहरी विकासखंड करकेली में दीवार लेखन के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीणों को जल का संरक्षण करने का संदेश दिया जा रहा है। दीवार लेखन के माध्यम से हर घर का एक ही नारा- जल बचाना है सबसे प्यारा, जल का सम्मान- जीवन का कल्याण, आओ हम संकल्प करें- जल बचाने का कर्म करें ,पानी बचाएं-जीवन बचाएं आदि नारों का दीवार पर लेखन किया गया है।जिससे आम नागरिकों में जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूकता का संचार हो रहा है तथा लोगों के द्वारा जल संरक्षण हेतु विभिन्न प्रकार के जतन किए जा रहे हैं।

## ग्राम पंचायत परासी में किया गया बोरी बंधान

**उमरिया।** प्रदेश शासन के आव्हान पर उमरिया जिले में भी जल गंगा सवंर्धन अभियान 30 मार्च से प्रारंभ किया गया है जो कि 30 जून तक संचालित होगा। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। आगामी तीन माह तक जल गंगा संवर्धन अभियान सतत चलेगा। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जायेंगे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मंशानुरूप एंव जिला समन्वयक रवींद्र शुक्ला के निर्देशन में ब्लाक समन्वयक महेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत परासी में मेन रोड के किनारे जया सेवा समिति, नावँकुर संस्था एंव ग्राम पंचायत और सामाजिक कार्यकर्ता के सहयोग से बोरी बंधान किया गया। जल संरक्षण के लिए यह बोरी बन्धान एक मील का पत्थर साबित होगा ।

### बड़े भ्रष्टाचारियों पर नहीं आ रही आंच, महीनों से लटका मामला

# कार्रवाइयों में पक्षपात बरत रहे सीईओ जिला पंचायत

**उमरिया।** पंचायती राज व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार के मामले में सीईओ जिला पंचायत दोहरा मानदण्ड अपना रहे हैं। एक ओर भ्रष्टाचार के आरोपी को निलंबित कर दिया जाता है और दूसरी ओर उससे भी बड़े भ्रष्टाचारी बचे रहते हैं। उन पर आंच नहीं आने दी जाती। सीईओ का यह दोमुंहापन प्रशासनिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसके कई उदाहरण देखने को मिले। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता और लापरवाही के आरोप में ग्राम पंचायत बल्हौड़ के सचिव हेतराम चतुर्वेदी को निलंबित कर दिया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जांच के बाद यह कार्रवाई की। सचिव पर तो कार्रवाई हो गई, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना में ही 9 पंचायतों में करीब 20 हितग्राहियों का हक मारकर लाखों रुपए डकार जाने वाले एक दर्जन घोटालेबाजों पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस धांधली में जनपद कर्मचारी व कई सचिव तक शामिल हैं। सीईओ जिला पंचायत इन मगरमच्छों पर खास मेहरबान नजर आते हैं। मसला यह है कि शासन की निर्णयकारी दृष्टि में भेदभाव व पक्षपात उभर रहा है, जबकि उसमें समानता का भाव होना चाहिए।

### सचिव पर यह था आरोप

मामले की जांच में सामने आया था कि पंचायत सचिव ने अपात्र हितग्राही को योजना का लाभ दिलाने के लिए कागजी हेरफेर किया। प्रधानमंत्री आवास योजना (प्लस-2) के तहत पूनम चतुर्वेदी को 2024-25 में आवास स्वीकृत किया गया था, जिसके तहत उन्हें पहली किस्त के रूप में 25,000 की राशि जारी की गई, लेकिन जांच में यह तथ्य सामने आया कि पूनम चतुर्वेदी का विवाह चार वर्ष पूर्व मानपुर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 6 निवासी विकास शुक्ला से हुआ था और वह वर्तमान में वहीं निवास कर रही हैं।




पंचायत सचिव ने योजना का लाभ दिलाने के लिए पूनम चतुर्वेदी की आईडी मानपुर नगर पंचायत से स्थानांतरित कर ग्राम पंचायत बल्हौड़ में दर्ज करवाई। इस तरह, नियमों को दरकिनार कर उन्हें योजना का लाभ दिया गया। इस गड़बड़ी की कमिश्नर से शिकायत की गई थी, जिसकी जांच के बाद सचिव के निलंबन की कार्रवाई कर दी गई।

### 319 पन्नों की रिपोर्ट भी बेमानी

एक ओर तो सचिव को निलंबित कर दिया गया, जबकि दूसरी ओर प्रधानमंत्री आवास में ही पाली जनपद अंतर्गत जनपद स्तर से लेकर पंचायतों तक हितग्राहियों का हक मार कर फर्जीवाड़ा किया गया, उसका सच जांच के बाद खुल कर सामने आ गया, फिर भी सन्नाटा छाया हुआ है और आरोपी मजे से अपने ही कार्यालय में अपनी सीट पर बैठे काम कर रहे हैं। जांचकर्ताओं ने 319 पन्नों में विन्दुवार अनियमितताओं का हवाला दिया। रिपोर्ट जिला पंचायत में प्रस्तुत किए जाने के बाद सीईओ ने कलेक्टर के अनुमोदन के उपरांत जनपद सीईओ को एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए थे। धारा 420 के तहत एफआईआर तो दर्ज हुई, मामला अदालत में पहुंचा, लेकिन आरोपियों पर कोई आंच नहीं आई। ज्ञातव्य है कि जनपद पंचायत पाली अंतर्गत 9 पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली बरती गई थी। जिसकी शिकायत होने पर जांच कराई गई थी। इस मामले में सीईओ जनपद के डिजिटल सिग्रेचर का उपयोग किया गया है। इस मामले में थाना प्रभारी पाली ने भी जमकर खेल दिखाया है, उन्होने कूट रचित दस्तावेजों के लिए कोई धारा कायम नहीं की।

### सीईओ कन्नी काट रहे हैं

इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने से जिला पंचायत सीईओ कन्नी काट रहे हैं। जनपद सीइओ सिग्रेचर को लेकर कठघरे में हैं, जिला पंचायत शायद उन्हे बचाने का प्रयास कर रहे हैं। सीईओ जनपद ने कहा था कि उन्हें नही मालूम था कि राशि कहां से कैसे निकाली जा रही है। चूंकि उनसे डिजिटल सिग्रेचर करते नहीं बनता है, इसलिए उनका सिग्रेचर कोई दूसरा कर्मचारी करता है। यह अजीब बात है कि इतने बड़े अधिकारी से सिग्रेचर करते नहीं बनता है और उनका सिग्रेचर कोई दूसरा करता है। उनका सिग्रेचर कोई दूसरा करता है तब तो उन्हे और भी सतर्क रहना चाहिए था। इस तरह तो न जाने ऐसे और भी कितने मामले होंगे, जिनमे उनके सिग्रेचर का दुरूपयोग करके राशि उड़ा ली गई होगी। जिला पंचायत सीईओ तत्परता बरत कर कम से कम आरोपी कर्मचारियों को उनके सीट से हटाकर उन पर निलंबन की कार्रवाई तो कर ही सकते हैं।

## ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन कल से 18 अप्रैल तक

### ग्राम सभाओं के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**उमरिया।** मध्यप्रदेश पंचायती राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा के प्रावधानों के अनुसार 14 अप्रैल 2025 से 18 अप्रैल 2025 तक ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि ग्राम सभाओ में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 अंतर्गत बालिका की उम्र 18 वर्ष एवं बालक की उम्र 21 वर्ष से कम उम्र के विवाह नहीं किये जाने हेतु जागरूकता , बेटी बचाओ बेटी पढाओं योजना पर चर्चा, स्कूलों और ऑगनवाडी केन्द्रों में स्वच्छ जल की उपलब्धता पर चर्चा, कुपोषण मुक्त ग्राम पर चर्चा, विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं में लाभ लेने वाले हितग्राहियों की सूचियों का वाचन, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर (आरोग्यम) मे प्रदाय की जाने वाली एवं स्वास्थ्य विभाग संबंधी योजनाओं पर चर्चा, शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्राम सभा के समक्ष रखना , ग्राम के स्वीकृत व प्रगतिरत निर्माण कार्यों संबंधी जानकारी का प्रस्तुतिकरण व चर्चा, ग्राम में छूटे हुए लक्षित/पात्र परिवारों का स्व-सहायता समूहों में शीघ्र समावेशन कर ग्राम को परिपूर्ण करना एवं ग्राम के लक्षित परिवारों का समूहों में समावेशन का वाचन तथा सत्यापन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत महिला सदस्यों के नाम से आवास स्वीकृति पर चर्चा, आवासहीन महिला मुखिया वाले परिवार के लिये आवास प्लस सर्वे 2024 की जानकारी पर चर्चा, स्वच्छता अभियान और पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर चर्चा करना जैसे कूड़ा प्रबंधन, जल संरक्षण और जैविक खेती को बढ़ावा देने, कन्या अभिभावक पेंशन योजना पर चर्चा, . वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत गठित ग्राम वन अधिकार समिति से प्राप्त प्रस्तावों पर सम्यक संकल्प पारित करना, पेसा क्षेत्र की ग्राम सभाओं में पेसा नियमों के क्रियान्वयन पर चर्चा सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी । शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा सम्पन्न कराने हेतु 14 अप्रैल 2025 से 18 अप्रैल 2025 तक ग्राम सभा का आयोजन हेतु अधिकारियों की डयूटी नोडल अधिकारी के रूप में लगाई गई है । उन्होने कहा है कि नोडल अधिकारी चयनित ग्राम सभा हेतु ग्राम पंचायत में निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित रहकर शासन व्दारा जारी एजेंडा अनुसार ग्राम सभा संपन्न कराना सुनिश्चित करेगे ।

## समस्त पात्र हितग्राहियों का ईकेवायसी संबंधी प्रशिक्षण संपन्न



**उमरिया।** जिले में 78177 शेष रहे हितग्राहियों की ईकेवायसी जिले में गठित दल (उचित मूल्य दुकान के विक्रेता एवं ग्राम पंचायत सचिव/रोजगार सहायक) एवं शहरी क्षेत्र में नगरीय निकाय के अन्तर्गत वार्ड प्रभारी व उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा ग्राम पंचायत के प्रत्येक ग्रामों एवं नगरीय निकायों के नगर वार्डो में शिविर लगाकर शेष सभी सदस्यों की पीओएस मशीन से ईकेवायसी किये जाने हेतु दलों का गठन एवं एसडीएम की अध्यक्षता में जनपद पंचायत कार्यालय करकेली एवं तहसील सभागार मानपुर तथा सामुदायिक भवन उत्कृष्ट विद्यालय (कन्या शिक्षा परिसर पाली) पाली में दलों को प्रशिक्षण दिया गया । राष्ट्रीय खादय सुरक्षा अधिनियम 2013 के अतर्गत उमरिया जिले में वर्तमान में 140442 परिवारों के कुल 533099 हितग्राही सम्मिलित है, जिसमें से 454922 हितग्राहियों के ईकेवॉयसी की जा चुकी है । जबकि जिले में 78177 हितग्राहियों के ईकेवायसी किया जाना शेष है । इस हेतु जिले में विशेष अभियान के तहत 14 अप्रैल से 30 अप्रैल तक अपर मुख्य सचिव म.प्र. शासन, खादय नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल द्वारा किये जाने के निर्देश जिला प्रशासन को दिये है ।

जनपद पंचायत करकेली सभागार में ईकेवासी प्रशिक्षण के दौरान शिवगोविंन्द मरकाम, अपर कलेक्टर एवं जिला नोडल अधिकारी उपस्थित रहे । अपर कलेक्टर ने प्रशिक्षण में उपस्थित दलो को शासन के निर्देशानुसार जिले में ईकेवायसी से शेष रहे हितग्राहियों की उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को प्रदाय की गई सूची अनुसार पात्र हितग्राहियों की ईकेवायसी दैनिक लक्ष्य को आधार मानते हुये शीघ्र कराने के निर्देश दिये है । प्रशिक्षण में उपस्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को दुकान के ईकेवॉयसी से शेष रहे हितग्राहियों की सूची का प्रिन्ट प्रदाय कर शेष सभी हितग्राहियों की शासन के प्राप्त दिशा निर्देशानुसार उचित मूल्य दुकान को दिये गये दैनिक लक्ष्य के मान से करने, तथा जिले की स्थानीय निकायों को दोहरे, अपात्र तथा साईलेन्ट राशन कार्डो को पोर्टल से विलोपन के निर्देश कलेक्टर द्वारा जारी किए गये है । जिले में उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, वार्ड प्रभारियों द्वारा ईकेवायसी की मॉनीटरिंग के लिये जिले में पदस्थ कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं सहकारिता निरीक्षकों की डियूटी लगायी गयी है, जो प्रतिदिन उचित मूल्य दुकान को दिये गये दैनिक लक्ष्य के अनुरूप ईकेवासी करने की मॉनीटरिग करेगे एवं रिपोर्ट से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करायेगे ।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि पात्र हितग्राहियों के ईकेवायसी करने में कठिनाई के निराकरण के लिये राज्य स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 0755-2551471 है । उमरिया जिले में भी कार्यालय कलेक्ट र खादय विभाग जिला उमरिया में ईकेवायसी करने में कठिनाई के निराकरण हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसके नोडल/प्रभारी अधिकारी श्री संतोष नंदनवार कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मोबाईल नंबर 9425467073 एवं उनके सहयोग हेतु सुनिल टेकाम, टीएससी मो0नंबर 777097649 एवं श्री गणेश कोरी, आपरेटर मोबाईल नंबर 8823848886 की डियूटी लगायी गयी है । राष्ट्रीय खादय सुरक्षा के अन्तर्गत जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को निशुल्क राशन प्राप्त होता रहे, इसलिए ईकेवायसी से शेष रहे सभी हितग्राहियों से अपील हैं कि माह अप्रैल 2025 में उचित मूल्य दुकान की पीओएस मशीन से ईकेवायसी अनिवार्य रूप से करा ले, ताकि हितग्राही को राशन सामग्री प्राप्त करने में असुविधा न हो ।

## कोतमा पुलिस ने ऑनलाइन से ठगी के दो आरोपियों को बिहार से किया गिरफ्तार



**कोतमा।** फरियादी रूपेश जैन पिता राजेन्द्र जैन उम्र 39 वर्ष निवासी वार्ड नं 2 बैरियर रोड कोतमा ने एक किता लिखित आवेदन पत्र पेश किया कि केम्पा कोला कोल्डड्रींक कम्पनी की एजेंसी लेना था, तो गूगल एप में सर्च किया जिसमें केम्पा कोला कोल्डड्रींक कम्पनी साईट में एक मोबाईल नंबर मिला जिसमें फोन कर उन्हें पूरी जानकारी दी गई तो एक ई. मेल एड्रेस भेजा गया तथा केम्पा कोला कोल्डड्रींक कम्पनी से सर्वे हेतु अधिकारी भेजने की बात बताये उक्त मेल एड्रेस में फार्म भरकर भेजा गया तब कोड जनरेट व सिक्योरिटी मनी के रूप में 82010/- रूपये की मांग अज्ञात व्यक्ति द्वारा करने पर उनके बताये इंडियन ओवरसीज बैंक मुम्बई खाता नंबर में 82010/-रूपये आवेदक द्वारा भेज दिया गया, पुनः आवेदक से 500000/- रूपये की मांग करने और अज्ञात व्यक्ति द्वारा उक्त कम्पनी के कोई भी अधिकारी को स्पाट विजिट हेतु नहीं भेजा गया जिससे आवेदक को शंका होने पर बैंक में जाकर पता किया तो भेजी गई राशि तत्काल दूसरे खाता में ट्रांसफर व निकासी हो गया तब आवेदक को पता चला कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा इनके साथ फर्जी केम्पा कोला कोल्डड्रींक कम्पनी के अधिकारी बताकर धोखाधड़ी किया गया है की रिपोर्ट करने पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अप.क्र. 144/25 धारा 319 (2) 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। दौरान विवेचना पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी कोतमा के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी कोतमा के नेतत्व में पुलिस टीम गठित कर सायबर सेल के माध्यम से अज्ञात आरोपी एवं खाता धारक की पता तलाश हेतु बिहार पटना पुलिस टीम रवाना किया गया तो खाता धारक सोनू कुमार के दस्तयाब होने पर बताया कि इसका खाता खोलवाकर बैंक पास बुक, एटीएम कार्ड, चेक बुक सूरज कुमार पिता सुरेन्द्र कुमार यादव उम्र 19 साल एवं रविरंजन कुमार यादव पिता वीरेन्द्र कुमार यादव उम्र 21 साल दोनो निवासी ग्राम ब्राहगवां थाना इस्लामपुर जिला नालंदा बिहार ने ले लिया बताया उक्त संदेहियों को दस्तयाब कर पूछतांछ करने पर बताया कि चंदन कुमार यादव निवासी ब्राहगवां थाना इस्लामपुर जिला नालंदा बिहार के द्वारा लोगों से फर्जी तरीके से ऑनलाइन धोखाधड़ी कर गांव के लोगों को कुछ पैसा देकर खाता खोलवाकर उनके बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, चेक बुक लेकर फर्जी धोखाधड़ी के पैसा ट्रांसफर कराकर पैसा निकालना बताये है आरोपी सूरज कुमार पिता सुरेन्द्र कुमार यादव उम्र 19 साल एवं रविरंजन कुमार यादव पिता वीरेन्द्र कुमार यादव उम्र 21 साल दोनो निवासी ग्राम ब्राहगवां थाना इस्लामपुर जिला नालंदा बिहार से 03 मोबाइल, 05 एटीएम कार्ड, 02 चैक बुक एक बैंक पासबुक तथा 82010/- रूपये जप्त कर उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुन्द्रेश सिंह, सउनि. सुरेश अहिरवार, प्र.आर. संजीव त्रिपाठी, सपन नामदेव. आर. संजय द्विवेदी,अभय त्रिपाठी, सायबर सेल प्र.आर राजेन्द्र अहिरवार, आर. पंकज की महत्वपूर्व भूमिका रही।

## धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया अंजनि पुत्र का जन्मोत्सव

**कोतमा।** शनिवार को भगवान राम के अनंत भक्त श्री हनुमान जन्मोत्सव का त्योहार पूरे नगर व क्षेत्र में धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। संकट मोचन हनुमान जी के सभी मंदिरों में विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ मानस पाठ, सुंदर कांड व हनुमान चालीसा का पाठ चलता रहा। पर्व को लेकर मंदिर प्रबंधन द्वारा पिछले कई दिनों से तैयारी की जाती रही जिसके अंतर्गत मंदिरों में साफ सफाई विशेष लाइटिंग के साथ आकर्षक ढंग से सजाया गया था। नगर के जकीड़ा हनुमान मंदिर तिराहा, धर्मशाला मंदिर,शारदा काली मंदिर, थाना प्रसार मंदिर,पंचायती मंदिर,ठाकुर बाबा धाम मंदिर, लहसुई कैंप मंदिर, तहसील प्रांगण मंदिर सहित अन्य मंदिरों में दिनभर पूजा पाठ के साथ भंडारे का आयोजन किया गया था। भारी संख्या में भक्तों ने पहुंच दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। शाम को बस स्टैंड परिसर से पूजा पाठ के बाद हनुमान जी की चल समारोह झांकी निकाली गई।जिसमें सैकड़ो की संख्या में पुरुष, महिला एवं युवा भक्तों द्वारा शामिल होकर जयकारे लगाते हुए हनुमान जन्मोत्सव को मनाया गया। प्रशासन द्वारा भी त्यौहार को लेकर अलर्ट रही जगह-जगह पुलिस के टीम तैनात होने के साथ लगातार पेट्रोलिंग पार्टी गस्त करती रही। एसडीओपी आरती शाक्य, थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह व राजस्व अधिकारियों द्वारा लगातार नगर भ्रमण कर शांति व्यवस्था का जायजा लेते रहे।पूरे क्षेत्र में त्यौहार शांति व उत्साह के साथ संपन्न हुआ।



## पशु तस्करी पर नहीं लग रहा विराम

### इक्का दुक्का कार्यवाही कर पुलिस थपथपा रही अपनी पीठ

**कोतमा।** पशु तस्करी हो या फिर वाहनों से वसूली। पुलिस डाल-डाल तो तस्कर पात-पात के तर्ज पर अपने कारोबार को बेधड़क संचालित करते रहते हैं। इन दिनों पशु तस्करी करने वाले तस्करों ने फंडा बदल दिया। इसकी पुष्टि भी पुलिस की कार्रवाई से की जा सकती है। पुलिस डाल-डाल तो तस्कर पात-पात के तर्ज पर अपने कारोबार को बेधड़क संचालित कर रहे हैं ऐसा नहीं है कि क्षेत्र में हो रहे पशु तस्करी की जानकारी पुलिस को ना हो नगर सहित क्षेत्र में पशु तस्करों के ऊपर पुलिस का संरक्षण होने की जन चर्चा जोरों पर चल रही है। क्षेत्र मे पशु तस्करी का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है पशु तस्करों ने फंडा ही बदल दिया है। छोटे वाहनों से गोवंश की तस्करी की जा रही है। तीन दिन पहले कोतमा एवं राजनगर पुलिस ने पशु तस्करी करते हुए कार्यवाही की थी। और गोवंश पकड़े गए थे। कोतमा थाना क्षेत्र में इन दिनों पशु तस्कर अब ग्रामीण क्षेत्र की ओर रुख करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल के रास्ते जानवरों को ले जाकर इकट्ठा करते हैं और रात के अंधेरे में पिकअप एवं बड़े वाहनों में भरकर मूक जानवरों को छत्तीसगढ़ के रास्ते से अन्य जगहों के भूचड खाने में ले जाते हैं । ऐसा नहीं है कि इस बात की जानकारी पुलिस को ना हो लेकिन पुलिस मात्र खानापूर्ति करते हुए अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर लेती है । ,

पुलिस वाहनों पर मात्र क्रूरता पूर्वक जानवरों को भरकर वाहन में ले जाने का मामला बनाती है और वह भी चालक के खिलाफ जिससे तस्कर आसानी से बचकर निकल जाते हैं। कोतमा के आसपास चंगेरी बसखली बसखला गढ़ी विचारपुर छुल्हा रेउसा चाका सिलपुर लहसुई गांव मे मूक जानवरों को इकट्ठा करते हैं । और बडे तस्कर भी ग्रामीण क्षेत्रो के तस्करों से साथ गांठ कर जोरों से व्यवसाय कर रहे हैं। जब कभी समाजसेवियों के द्वारा थाने में फोन के माध्यम से अवैध रूप से मवेशियों को भरकर ले जाने की सूचना देते हैं तो पुलिस मौके पर पहुंचकर वाहन सहित जानवरों को पकड़ते हुए थाने ले जाती है और मामूली धाराओं में कार्रवाई कर देती है । विगत दिनों पुलिस ने अज्ञात वाहन मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया था ऐसा नहीं है कि पुलिस को उसकी जानकारी ना हो लेकिन कहीं ना कहीं पुलिस तस्कर के साथ गांठ के चर्चे नगर में जोरों में व्याप्त है। ऐसा नहीं है कि पुलिस पशु तस्करी करते हुए वाहनों पर कार्रवाई नहीं करती है लेकिन पुख्ता कार्यवाही नहीं होने के कारण पशु तस्करों के हौसले बुलंद है ।

### रात के अंधेरे मे होता है खेला

कोतमा सहित लहसुई बसखली के बगडोल सिलपुर विचारपुर चाका में इन दिनों पशु तस्करों के द्वारा पैदल पशुओं को लेकर जाते हुए इकट्ठा करते हैं और रात के अंधेरे मे खेला करते हुए वाहनों मे भरकर दूसरे राज्यों मे स्थित भूचड खाने भेजते हैं। इस काम मे कोतमा में रह रहे उत्तर प्रदेश का एक पशु तस्कर के द्वारा लहसुई गांव एवं ग्रामीण क्षेत्र सहित बुढार के एक पशु तस्करों से सांठगांठ करते हुए पशु तस्करी को अंजाम दिया जा रहा है। जिसकी चर्चा नगर मे जोरो से चल रही है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से नागरिकों ने पशु तस्करी मे संलिप्त लोगों के काल डिटेल सहित सीडीआर की जांच करवाते हुए कार्यवाही करने की मांग की है।



### पशु तस्करों के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही

मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की ग्राम गढ़ी के खेत मैदान तरफ एक पिकअप वाहन में मवेशियों को कुछ पशु तस्करों द्वारा लोडकरा कर अवैध परिवहन करने वाले है मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु तत्काल पुलिस टीम गठित कर बताएं स्थान पर टीम रवाना कर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई तो एक पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 19 -ZL- 5329 में 7 नग मवेशी भैंस लोड पाया गया मौके से चालक भी दस्तयाब हुआ जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम मुशर्रफ अली पिता जुबेर अहमद निवासी अलीगंज कोकराज जिला कौशांबी उत्तर प्रदेश का होना बताया गया तथा पिकअप वाहन में लोड मवेशियों के संबंध में दस्तावेज चाहा गया जो कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किया और अंगद साहू निवासी गढ़ी, रामकुमार साहू निवासी गढ़ी, डुल्लू खान निवासी लहसुई गांव कोतमा तथा मोहम्मद राशिद निवासी सतना के कहने पर एवं उक्त व्यक्तियों के ही द्वारा अवैध मवेशी परिवहन करने को कहने पर मवेशी लोड़ कर परिवहन करना बताया मौके से 7 नग मवेशी कुल कीमत 300000 एवं पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 19 -ZL - 5329 कीमती 500000 कुल कीमत 800000 जप्त कर आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा 11(1)घ पशु क्रूरता अधिनियम एवं मध्य प्रदेश कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 6,6(क), 6 (ख) (1) ,9(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### गर्मी में राहगीरों के लिए जीवनदायिनी बनी सुरभि महिला समिति, बंगवार में प्याऊ का शुभारंभ



**धनपुरी।** भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से श्रद्धा महिला मंडल के विशेष मार्गदर्शन में सुरभि महिला समिति, सोहागपुर क्षेत्र द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। सोहागपुर एरिया की अन्य यूनिटों की तर्ज पर बंगवार भूमिगत माइंस के मेन गेट के बाहर व अन्य स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था की गई है।

**पानी है तो ज़िंदगी है**— इस संदेश को सार्थक करते हुए सुरभि महिला समिति ने खैरहा, दामिनी, शारदा माइंस, तथा आसपास के गांवों में मेन रोड पर घड़े में ठंडा पानी उपलब्ध कराया है। राजेंद्र माइंस के मुख्य गेट के सामने भी प्याऊ की शुरुआत की गई। इस अवसर पर एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की अध्यक्ष श्रीमती अपर्णा श्रीकृष्ण के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। उपस्थित राहगीरों, कालरी अधिकारियों और कर्मचारियों को शरबत, चना और गुड़ का वितरण भी किया गया। सुरभि महिला समिति की इस पहल में क्षेत्रीय प्रबंधक संजय सिंह, खान प्रबंधक डीआर कुर्रे, श्रम संगठन अधिकारी, कोयला ट्रांसपोर्टर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। गर्मी को ध्यान में रखते हुए समिति ने पूरी गर्मी भर घड़े में ठंडा पानी उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी खान प्रबंधक को सौंपी है। राहगीरों ने समिति द्वारा किए गए इस कार्य की खूब सराहना की और संस्था को धन्यवाद दिया।

### जल है तो कल है, आओ मिलकर कदम बढ़ाएं



**शहडोल।** जल है तो कल है, आओ मिलकर कदम बढ़ाएं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्त्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य भी किये जा रहे हैं। यह जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय, जनभागीदारी, आमजन और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित होगा, जिसमें मशीन, सामग्री व श्रम का समुचित नियोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में संभागीय मुख्यालय शहडोल के ऐतिहासिक एवं प्राचीन मंदिर विराट मंदिर परिसर के कुंड में जल का महत्व बताने के लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं जनमानस ने मानव श्रृंखला बनाई। इस अवसर पर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी व जनमानस ने अपनी भूमिका निभाई।

### नाबालिग बालक एवं बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

**शहडोल।** जिले के अमलाई थाना में 07 अप्रैल को फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज किया था कि, उसके 14 वर्षीय नाबालिक बालक एवं 12 वर्षीय नावालिक वालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीचद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में उक्त बालक एवं बालिका की पता तलाश घटना दिनांक से लगातार की गई, 09 अप्रैल को उक्त बालिका को केशवाही बस स्टैण्ड से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमलाई के नेतृत्व में उपनिरीक्षक महेन्द्र शुक्ला, प्रधान आरक्षक दशरथ प्रजापति एवं गणेश पाण्डेय की भूमिका रही है।

### रामनाम, संकीर्तन, मानस पाठ एवं भंडारे का आयोजन

# दक्षिण मुखी मंदिर में रामभक्त हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**बुढार।** शनिवार को रामभक्त के हनुमान जन्मोत्सव दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर छिरहा तालाब रामसरोवर में धूमधाम से मनाया गया।हनुमान जयंती के अवसर पर 24 घंटे का श्रीरामचरितमानस अखंड पाठ के साथ वृहद आरती वंदना,हवन एवं विशेष पुजा अर्चना की गई। मारुति नंदन के जन्म दिवस पर दक्षिण मुखी मंदिर में सुबह से हनुमान भक्तों का तांता लगा रहा और मंदिर परिसर पहुंचकर हनुमान चालीसा पाठ का सामूहिक रूप से पाठन किया उसके उपरांत सुबह हनुमान जी की विशेष आरती विधिः विधान पूर्वक आचार्यो के द्वारा की गई।मंदिर सेवादार पूर्व विधायक छोटेलाल सरावगी,शरद गुप्ता, सुरेन्द्र जायसवाल,अमरनाथ सिंघानिया, संजय गुप्ता, (जिप्पी रजनी तेल)विजय ताम्रकार, अरविंद नायक, संजय गुप्ता, पुष्पेंद्र ताम्रकार, बलमीत सिंह खनूजा, सुजीत सिंह चंदेल, आशीष नामदेव,अजय सिंह बघेल, अनुज गुप्ता, सतीश नायक, शिवम गोलू अमित सोनी विजय गुप्ता(लप्पू) भानू दीक्षित, श्रीमती शालिनी सरावगी, शशिकला ताम्रकार, श्रीमती साधना ताम्रकार, सरिता ताम्रकार चेतना दीक्षित लता सोनी,सुमन गुप्ता, प्रीति ताम्रकार, कीर्ति गुप्ता संगीता गुप्ता अंजू नायक सहित अन्य लोगों ने अपना योगदान दिया।दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी धर्म के लोग पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। पवनसुत श्री हनुमान जयंती के पावन अवसर पर 11 अप्रैल को प्रातः से श्री अखंड हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालु जन पूरे श्रद्धाभाव से सम्मिलित हुये।स्वयं सिद्ध हनुमान मंदिर लखेरन टोला में विधिः विधान से पूजा अर्चना की गई। स्वयं सिद्ध हनुमान मंदिर लखेरन टोला में हनुमान जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन श्रीराम जानकी मंदिर बुढार के पूज्य महंत श्रीराम बालकदास जी के शुभाशिर्वाद से स्वयं सिद्ध हनुमान मंदिर के श्रद्धालु भक्त जनों द्वारा श्री हनुमान जयंती पर पूरे उल्लास एवं भव्यता से विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।



## बरगवां के सिद्धबाबा पहाड़ पर एकादशमुखी श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन





**अमलाई।** नगर परिषद बरगवां अमलाई के वार्ड क्रमांक 5 में डोंगरिया टोला स्थित सिद्धबाबा पहाड़ी पर नवनिर्मित एकादशमुखी हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव शुरू हो चुका है। काफी लंबे समय से सिद्धबाबा पहाड़ी पर एकादशमुखी हनुमान मंदिर के निर्माण का कार्य चल रहा है और नगर वासियों इच्छा भी थी कि सिद्धबाबा पहाड़ी पर मंदिर के साथ साथ व्यवस्थाओं में इजाफा किया जाना चाहिए। हनुमान जयंती के अवसर पर विशाल कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा इंद्रानगर के शिव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए सिद्धबाबा पहाड़ी पर पहुंची जिसमे हजारों की संख्या में नगरवासी श्रद्धालु उपस्थित हुए और जय श्रीराम के जयकारों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। बताया गया कि 12 अप्रैल से 14 अप्रैल तक प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान चलेगा। जिसमे चित्रकूट से आये पुरोहितों के साथ साथ स्थानीय पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से प्राण प्रतिष्ठा कराया जाएगा। कलश यात्रा में ठोल नगाड़ों और गुदुम के साथ अन्य उपकरणों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बताया गया कि 12 अप्रैल चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को दिव्य कलश यात्रा, पंचांग पूजन, देव आवाहन, जलाधिवास के बाद शाम को प्रसाद वितरण किया गया और रविवार 13 अप्रैल वैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा को पूजन, अन्नाधिवास, देव स्नपन के प्रसाद वितरण किया जाएगा एवं सोमवार 14 अप्रैल वैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया को पूजन के बाद प्राण प्रतिष्ठा हवन एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। बताया गया कि मारुतिनंदन सेवा समिति द्वारा आयोजन किया जा रहा है। हनुमान जयंती के अवसर पर बरगवां के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में भी विभिन्न आयोजन किये गए मंदिर में सुबह से भक्तों की भीड़ लगी रही मंदिर में तीन दिन पहले से मानस पाठ एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया यहां हनुमान जयंती के अवसर पर हजारों की संख्या में लोग आते है और दर्शन करते है।

## कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति पर लगी रोक

### पूर्व ब्लाक अध्यक्ष यथावत रहेंगे अगले नवीन नियुक्ति तक



**बुढार।** गत दिनों ब्लाक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति जिला कांग्रेस अध्यक्ष के द्वारा कर दी गईं थीं जिसे संगठन नहीं मानता ऐसी नियुक्तियां को पार्टी के प्रति अनुशासनहीनता और मनमाने तरीके से की गई है, जिस पर रोक लगा दी गई है। इस संदर्भ में संजय कमालें प्रदेश संगठन मंत्री ने बताया कि शहडोल जिले के ब्लाकों में सोहागपुर,बुडवा (बाणसागर) बुढार में जिलाध्यक्ष ने बिना अनुमति के नियुक्ति जारी की जिसे रद्द कर दिया गया है,जब तक दिल्ली से सहमति प्राप्त नहीं होती तब तक पुर्व के ब्लाक अध्यक्ष नियमित रूप से ब्लाक अध्यक्ष रहेंगे।

**इनका कहना**

जब तक प्रदेश अध्यक्ष का निदेश प्राप्त नहीं होता पुर्व ब्लाक अध्यक्ष यथावत रहेंगे पार्टी में अभी भी अनुशासन है और जो अनुशासनहीनता करेगा उसे पार्टी स्वीकार नहीं करेंगी।

**प्रदीप सिंह (एडवोकेट)**
**प्रदेश संयुक्त सचिव**

## श्री हनुमान जनोत्सव के अवसर पर हुए विविध धार्मिक आयोजन



**चन्नोडी।** प्राप्त जानकारी अनुसार बुढार जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम नेमुंहा के प्राचीन शंकर मन्दिर समिति द्वारा श्री हनुमान जनोत्सव के अवसर में श्री राम जागरण ग्रुप जबलपुर अदभुत झांकी,भजन संध्या का आयोजन 12 अप्रैल को किया गया समिति के सदस्य ने बताया कि कार्यक्रम 11 अप्रैल को कलश स्थापना के साथ अखंड मानस के साथ विशाल भंडारा प्रसाद और शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। सदस्यों ने अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम में सम्मिलित हो कर प्रसाद ग्रहण किया और भजन संध्या का आनंद लिए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जनों सहित अत्यधिक संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



## श्री हनुमान जयंती के उपलक्ष में युवा टीम की अनोखी पहल, बस्तियों में नन्हें बच्चों व दिव्यांगों को फल, बिस्कुट, मिष्ठान व हल्दी दूध किया वितरण, बच्चों के खिले चेहरे





**उमरिया ।** सेवा भाव के उद्देश्य से जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा श्री हनुमान जयंती के अवसर पर बस्तियों में पहुंचकर श्री हनुमान जी के चित्रपटल पर माला अर्पण व दीप प्रज्वलित कर नन्हे-नन्हे बच्चों व द्वियांगो को केला, बिस्किट मिष्ठान, हल्दी दूध का वितरण किया गया। वितरण के पूर्व बस्तियों में जाकर दिव्यांगों को चिन्हित कर सूखा राशन भी प्रदान किया गया। पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने कहा कि युवा टीम उमरिया की अनोखी पहल है हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी युवाओं की टोली ने चिन्हित नन्हे नन्हे बच्चों को हनुमान जयंती के उपलक्ष पर खुशियां दी जो की सराहनीय पहल है और इन युवाओं का सहयोग सभी को करना चाहिए। इससे युवाओं की टोली को ऊर्जा व शक्ति प्रदान होगी ।जिससे वह और अधिक मात्रा में विभिन्न प्रकार के अभियान संचालित कर सकेंगे। अंतिम में उपस्थित सभी बच्चों को थाना प्रभारी ने हनुमान जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे ने कहां की यह अत्यंत सराहनीय पहल है जरूरतमंद बच्चों को जो युवा टीम ने चिन्हित कर हल्दी दूध एवं केला उपहार स्वरूप भेंट किया है। कार्य अतुलनीय है। टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी टीम के द्वारा छोटा सा प्रयास आयोजित कर चिन्हित बच्चों को कुछ पल की खुशी देने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि छोटा सा प्रयास हमारा खुशियों से खिल उठे जहान सारा इसी उद्देश्य के साथ हनुमान जयंती के पावन पर्व पर बस्तियों व वार्डों में पहुंचकर 50 से भी अधिक बच्चों को हल्दी दूध केला बिस्किट मिष्ठान उपहार स्वरूप भेंट किया गया। युवाओं की इस कार्य की नगर में काफी सराहना भी की जा रही है। फल, बिस्किट, केला एवं हल्दी दूध प्रकार बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे,अनिल पटेल,टीम संयोजक हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,महक सोनी, लक्ष्मी महोबिया,मुस्कान महोबिया,पूजा बैगा, पार्वती कोल, रागिनी सिंह फूलवती सिंह महक चौरसिया एवं सभी उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान- गांव-गांव में अलख जगाने में जुटी युवा टीम




### दीवारों पर चित्र व नारे लिख जल संरक्षण के प्रति कर रहे जागरूक

**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचे जल संरक्षण के प्रति अलख जगाने में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में युवाओं की टोली के द्वारा ग्राम पंचायत गिंजरी, बरबसपुर, पिपरिया के आम नागरिकों को जल को सहेजने, जल के प्रति अपनी आवश्यकता और जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम में दीवारों पर सुंदर सचित्र दीवार लेखन के माध्यम से जल के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया गया तथा जल का सदुपयोग करें एवं उसे व्यर्थ न जाने दें, जल ही जीवन है तथा जल के बिना जीवन संभव नही है।हिमांशु तिवारी ने अपने वक्तव्य में जल संकट की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।जल संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का कर्तव्य है। यदि हम अभी से जल बचाने का संकल्प लें, तो भविष्य में जल संकट से बचा जा सकता है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। उपस्थित ग्रामीणों को जलयोद्धा बनने की शपथ दिलाई। ग्रामीणों ने भी लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया।इस दौरान जल मित्र हिमांशु तिवारी, जल मित्र खुशी सेन, सुहाना महोबिया,ग्रामीण रौनक कोल, मनीष बैगा व सभी उपस्थित रहे।



## जिला कार्यक्रम प्रबंधक सेक्टर बैठक में हुए शामिल

**उमरिया।** प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम डॉ मुकुल तिवारी सेक्टर बैठक में शामिल होकर अलग-अलग उप स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण कर निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतिभागियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक उप स्वास्थ्य केंद्र पर लू मैनेजमेंट किट बनाई जाए एवं लू से ग्रसित मरीजों की जानकारी रैपिड रिस्पांस टीम एवं जिला आईडीएसपी डाटा मैनेजर को तत्काल उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने कहा कि स्कूलों में आयरन टेबलेट का वितरण समय पूर्व किया जाए जिससे कि किशोरियों को उपलब्ध कराई जा सके । मिशन परिवार विकास पखवाड़ा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 11 अप्रैल से लेकर 25 अप्रैल 2025 तक मिशन परिवार विकास पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत फील्ड स्तर पर टारगेट कपल्स को गर्भनिरोधक के स्थाई एवं अस्थाई साधन का प्रचार प्रसार कर सेवाओं को प्रदान करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्क्रीनिंग किए जाने हेतु निर्देशित किया गया ,राष्ट्र किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चयनित साथिया को सक्रिय रूप से ग्राम स्तर पर किशोर किशोरियों के साथ बैठक आयोजित करने हेतु आशा कार्यकर्ता को निर्देशित किया गया ,अनमोल 2.0 एप एवं वेबसाइट के संबंध में प्रशिक्षण के उपरांत प्रगति का अवलोकन किया गया उक्त बैठक में सेक्टर सुपरवाइजर आशा सुपरवाइजर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं फील्ड स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तालाब की सफाई कार्य में किया श्रमदान, दिया जल संरक्षण का संदेश

**शहडोल।** जल है प्रकृति का अमूल्य उपहार। बचाओ इसे, यही है जीवन का आधार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति पर है। इसी कड़ी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम चंपा पोंगरी एवं जोधपुर में श्रमदान के माध्यम से तालाब की साफ सफाई करने का कार्य किया गया। ग्राम जोधपुर तालाब का नाम माखनलाल तालाब है जो शिव मंदिर के बगल में है इस तालाब पौराणिक महत्वता भी है जो वर्ष में एक बार इस तालाब की विधि विधान से महाशिवरात्रि के दिन पूजन भी किया जाता है इसलिए इस तालाब के प्रति आस्था एवं समर्पण भी है माखनलाल तालाब का पानी बहुत ही उपयोगी है, जो ग्राम वासियों के सदैव काम आता रहा है और आगे भी काम आएगा, लेकिन मालवा अत्यधिक होने के कारण पानी दूषित हो रहा है जिससे ग्राम वासियों को भी अत्यधिक समस्या होती है इसलिए जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत इस तालाब को स्वच्छ करने का कार्य ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जोधपुर के ग्राम वासियों ने अपने हाथ में लिया है यह तालाब जितना साफ स्वच्छ रहेगा उतना ही ग्राम वासियों के लिए सद्उपयोगी रहेगा यहां पर लोग नहाते भी हैं और नहा करके इसी तालाब का जल शिव मंदिर में चढ़ाते हैं। उक्त कार्य में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक प्रिया सिंह बघेल, नवांकुर संस्था सर्व मानव उत्थन जन कल्याण समिति अध्यक्ष लोकनाथ नामदेव एवं पृथ्वी नापित राजकुमार नामदेव चित्रआ नामदेव आदित्य नामदेव गोधराम आर मी, गेंदालाल नामदेव अनिल बधाई छोटू नापित अर्जुन बैगा सहित अन्य लोगों की महती भूमिका रही ।

खबर संक्षेप

## अवैध रेत परिवहन करते जैतहरी पुलिस ने पकड़ा ट्रैक्टर



**अनूपपुर।** 12 अप्रैल को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की सोन नदी के आमाघाट ग्राम चोलना मे एक स्वराज ट्रेक्टर का चालक म.प्र.शासन का रेत खनिज अवैध रुप से चोरी कर ट्राली में लोड कर अवैध परिवहन की फिराक में है सूचना पर सूचना की तस्दीक एंव कार्यवाही हेतु मुखबिर के बताये स्थान सोन नदी के आमाघाट चोलना मे पहुचकर रेड कार्यवाही की गई जहा पर एक नीले रंग का स्वराज कंपनी का ट्रेक्टर ट्राली बिना नम्बर का 03 घन मीटर अवैध रेत खनिज लोड़ किये हुये मिला जिसे रोककर चालक से नाम पता पूछंने पर अपना नाम उमाशंकर केवट पिता रतीराम केवट उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम चोलना थाना जैतहरी का होना बताकर उक्त बिना नम्बर का ट्रेक्टर स्वराज कम्पनी का का होना बताया, ट्रेक्टर मे लोड खनिज रेत के परिवहन विक्रय के संबंध मे पुछे जाने पर उक्त चालक /मालिक के पास कोई वैध दस्तावेज नही होने से आरोपी उमाशंकर केवट पिता रतीराम केवट उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम चोलना थाना जैतहरी का कृत्य धारा 303(2) बीएनएस ,4/21 खान खनिज अधिनियम के तहत दंडनीय पाये जाने से उक्त ट्रेक्टर मौके से विधिवत जप्त कर थाना मे लाकर सुरक्षार्थ लाकर खडा किया आरोपी उमाशंकर केवट पिता रतीराम केवट उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम चोलना थाना जैतहरी के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया।

## हनुमान जयंती पर बजरंग धाम पठरा में होंगे विविध आयोजन

**बड़वारा।** संकटमोचन महावीर बजरंगवली जी की जयंती पर आज 12 अप्रैल को बजरंग धाम पठरा में स्थित सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर में विभिन्न आयोजन किये जायेंगे। मंदिर के प्रमुख पुजारी पँडित लक्ष्मण प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर संकटमोचन हनुमान जी का अभिषेक किया जाएगा एवम पूजन हवन का आयोजन होगा। स्थानीय व क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की भारी संख्या भगवान महावली हनुमान जी के दर्शन को एकत्रित होगी। सुबह से ही हनुमान पाठ किये जायेंगे। कथा श्रवण करने श्रद्धालु जनों का समूह मंदिर परिसर में कथा श्रवण करेगा। राम नाम का संकीर्तन आयोजित किया जाएगा। मंदिर में परिसर में ही भव्य विशाल भंडारे का स्थानीय जनों व मंदिर कमेटी के द्वारा आयोजन किया जाएगा। भंडारे की महा प्रसाद का वितरण किया जाएगा जिसे पाकर श्रद्धालुजन कृतार्थ होंगे। रात्रि में राम चरित मानस का गायन रामायण मण्डली के द्वारा किया जाएगा।

### अमरकंटक सहित जिले भर में धूमधाम से मनाया गया श्री हनुमान प्राकट्योत्सव

# तुम रक्षक काहू को डरना...

## निकाली गई विशाल शोभायात्रा तो जगह-जगह हुये भण्डारे का आयोजन







**अनूपपुर।** हनुमान जयंती के अवसर पर जिले भर के मंदिरों में कई बड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहरों में कई भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई तो वही मंदिरों में सुंदरकांड पाठ आयोजित हुआ, हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों को खूबसूरत तरीके से सजाया गया। मंदिरों में सुंदरकांड के पाठ के साथ ही अन्य धार्मिक आयोजन किए गए। जगह-जगह भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों की भीड़ देखते ही बन रही थी। जिले भर में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हनुमान मंदिरों में विशेष श्रृंगार, पूजन, महाआरती, सुंदरकांड पाठ के साथ प्रसाद वितरित किया गया। जगह-जगह भंडारों का आयोजन भी हुआ। श्री हनुमत प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में अखंड रामायण का पाठ का समापन हुआ वहीं, हनुमान जी को दूध, दही, घी, शहद, चीनी, पंचामृत, अष्टगंध, गुलाब जल, गंगाजल से स्नान कराकर दुग्धाभिषेक किया गया। भव्य आरती हुई एवं भोग प्रसाद लगाया गया। भक्त हाथ में भोग लिए प्रभु के दर्शन को आतुर दिखे। हनुमत जन्मोत्सव के अवसर पर जहां जिला मुख्यालय के इंदिरा तिराहा के पास मंदिर समिति तथा सामतपुर व बस्ती स्थित केशरी नंदन हनुमान जी मंदिर समिति द्वारा विशाल शोभायात्रा निकालकर शहर भ्रमण किया जहां भारी भीड़ के बीच जय हनुमान जय सिया राम गुंजायमान हो रहा था।

### पवित्र नगरी में गदाधारी की जय जयकार

पवित्र नगरी अमरकंटक के वार्ड क्रमांक 4 हिंडालको के हनुमान मंदिर में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा दिन शनिवार को हनुमान प्रगटयोत्सव पर्व बड़ी ही धूमधाम के साथ नगर वासियों के सहयोग और सद्भाव के साथ मनाया गया। हिंडालको हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती के पूर्व संध्या पर विशाल शोभा यात्रा भगवान हनुमान जी की झांकी निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए ढोल नगाड़ों, आतिशबाजी तथा हनुमान जी के जयकारों के मध्य नर्मदा उद्गम स्थल परिसर पहुंचकर नर्मदा मंदिर पुजारियों ने पूजन अर्चन आरती करवाकर वापसी हिंडालको हनुमान मंदिर पहुंच चौबीस घंटे का अखंड संकीर्तन किया गया। इस शोभायात्रा में नगर के अपार जनमानस की उपस्थिति में हनुमान जयंती के पावन पर्व पर विशाल शोभायात्रा मे भगवा- की झांकी निकाली गई इसमें बूढ़े, महिला, बच्चे सब सम्मिलित होकर बड़े आनंद और आपसी स्नेह के मध्य सबके सहयोग से हनुमान जी की शोभायात्रा सफलता पूर्वक संपन्न हुई। यात्रा लगभग 4 किमी लंबी दूरी तय करके नगर भ्रमण कराया गया सभी भक्तगण शोभायात्रा में उत्साह और उमंग के ध्वज लिए चलते रहे। संकीर्तन के लिए पुष्पराजगढ़ ग्राम पिपरहा के मकसूदन सिंह, अमोल सिंह सरपंच, मुन्ना सिंह, सावन सिंह, सुल्तान सिंह, नंदू प्रसाद, लामू सिंह अपनी पूरी संकीर्तन मंडली ने पूजन बाद संध्या 06 बजे से हनुमान मंदिर परिक्रमा करते हुए संगीतमय रामधुन संकीर्तन प्रारंभ किया। वार्ड क्रमांक 4 हिंडालको हनुमान मंदिर में आज प्रातः से ही भगवान का अभिषेक पूजन अर्चन चोला तथा प्रसाद चढ़ाया जाकर सभी भक्त श्रद्धालुओं ने आरती की आचार्य पुरोहित ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ राम भक्त पवनसुत हनुमान जी का पावन जन्मोत्सव परंपरागत ढंग से विधि विधान के साथ मनाया। इस अवसर पर हवन आदि भी किया गया भक्त श्रद्धालुओं ने भगवान को नतमस्तक होकर मनौती मांगी। इसी तरह नर्मदा मंदिर परिसर में प्राचीन हनुमान जी महाराज तथा मंदिर के सामने पीपल वृक्ष के नीचे विराजे पवनसुत बजरंगबली जी की साथ ही वार्ड नंबर 14 मुख्य मार्ग में विराजे हनुमंत लाल की प्रतिमा का पूजन अर्चन विधिवत अभिषेक कर चोला चढ़ाया। सुबह से ही हनुमान जयंती मनाई जाने को लेकर भक्तों में अच्छा खासा उत्साह उमंग देखा गया। इसी तरह अमरकंटक नगर के शंकराचार्य आश्रम में दक्षिण मुखी हनुमान जी महाराज तथा मार्कंडेय आश्रम में तथा फलाहारी आश्रम में भी हनुमान जयंती के पावन अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित हुए पूजन किया गया। हनुमान जयंती के पूजन पाठ क्रमशः पंडित धनेश द्विवेदी वंदे महाराज पंडित राजेश पाठक पंडित रामनरेश शास्त्री नर्मदानंद जी ने कराया। स्थानीय स्थानीय मार्कंडेय आश्रम धूमधाम हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया राम भक्त हनुमान जी का पवन जन्म उत्सव भारी उत्साह के साथ मनाया गया इस अवसर पर पूजन अर्चन किया गया। मार्कंडेय आश्रम के प्रमुख संत रामकृष्णानंद जी महाराज ने कहा की हनुमान जी महाराज कलयुग के साक्षात देवता हैं सभी की सुनते हैं सभी का भला करते हैं रक्षा करते हैं।

### एकादशमुखी श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का हुआ आयोजन

नगर परिषद बरगवां अमलाई के वार्ड क्रमांक 5 में डोंगरिया टोला स्थित सिद्धबाबा पहाड़ी पर नवनिर्मित एकादशमुखी हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव शुरू हो चुका है। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा इंद्रानगर के शिव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए सिद्धबाबा पहाड़ी पर पहुंची जिसमे हजारों की संख्या में नगरवासी श्रद्धालु उपस्थित हुए और जय श्रीराम के जयकारों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। बताया गया कि 12 अप्रैल से 14 अप्रैल तक प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान चलेगा। जिसमे चित्रकूट से आये पुरोहितों के साथ साथ स्थानीय पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से प्राण प्रतिष्ठा कराया जाएगा। कलश यात्रा में ठोल नगाड़ों और गुदुम के साथ अन्य उपकरणों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा में श्री राम दरबार की झांकी भी श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। जगह-जगह कलश यात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा कर लोगों ने किया । बताया गया कि 12 अप्रैल चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को दिव्य कलश यात्रा, पंचांग पूजन, देव आवाहन, जलाधिवास के बाद शाम को प्रसाद वितरण किया गया और रविवार 13 अप्रैल वैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा को पूजन, अन्नाधिवास, देव स्नपन के प्रसाद वितरण किया जाएगा। सोमवार 14 अप्रैल वैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया को पूजन के बाद प्राण प्रतिष्ठा हवन एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। एकादश मुखी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन मारुतिनंदन सेवा समिति द्वारा आयोजन किया जा रहा है।

## दिखावे तक सीमित ओव्हर लोड पर कार्यवाही



### लापरवाही की तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद भी कार्यवाही सिफर

**अनूपपुर।** किरर घाट हादसे के ठीक एक दिन बाद ही जिले में यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ती लोगों ने सोशल मीडिया में पोस्ट डालनी प्रारंभ कर दी थी। बुधवार को शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों छोटे मालवाहक वाहनों द्वारा (पिकअप, लोडिंग ऑटो) में लोग ठूँस-ठूँसकर बैठे हुए सफर करते नजर आए वो भी बिना किसी डर या रोक-टोक के। क्या हादसों से कुछ नहीं सीख रहा सिस्टम, इस बड़ीं घटना का जिम्मेदार यातायात प्रभारी नहीं, कुछ दिन पहले भीषण दुर्घटना में तीन जानें चली गईं और पाँच लोग जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। यातयात की इस नाकामयाबी से नाराज दिखे लोग और यातायात विभाग की कमजोरी को सोशल मीडिया में सामने लाने लगे। कलेक्टर अनूपपुर के ऑफिशियल पेज पर भी यातायात की कार्यप्रणाली पर लोगों ने सवाल उठाया। दावा किया गया था कि हादसे के बाद सख्ती बरती जाएगी। पर ज़मीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। जिला यातायात प्रभारी ज्योति दुबे ने पहले क्यों आंखे मूंद रखी थी, आपके होते कैसे मालवाहक वाहनों पर सवारी बैठी, कैसे ऑटो में 9 सवार सवारी कर रहे, इन सब पर रोकथाम लगाना किसका काम है, क्या सिर्फ बड़ी घटनाओं के बाद ही प्रशासन जागेगा, जनता में गुस्सा, प्रशासन पर उंगली स्थानीय निवासी अब सवाल उठा रहे हैं। मालवाहक वाहनों में मानव ढोना अब भी सामान्य मान लिया गया है, नियम सिर्फ कागजों में हैं, हादसे के बाद सिर्फ बयान और जांच के नाम पर लीपापोती क्यों होती है, अब कार्रवाई नहीं, जवाबदेही चाहिए। लोगों ने सोशल मीडिया पर भी प्रशासन को घेरा है और हैशटैग के जरिए जवाब माँगा है। किरर घाट की घटना कोई एकमात्र नहीं लेकिन क्या ये आख़िरी हो सकती है।

### अमृत योजना कायाकल्प में विष घोलता स्वच्छता अभियान

# रेल्वे स्टेशन के बाहर सुलभ शौचालय नहीं होने से यात्री तथा अन्य लोग हो रहे परेशान



**अनूपपुर।** भारतीय गण वार्ता (भगवा) पार्टी जिला अनूपपुर महासचिव वरुण चटर्जी द्वारा पार्टी के अन्य साथियों के साथ अनूपपुर रेल्वे स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर के नाम ज्ञापन सौंपकर स्टेशन के बाहर यात्रियों को होने वाली असुविधा को देखते हुए सुलभ शौचालय बनाए जाने की मांग की गई है।उन्होंने बताया कि देश में ऐसे बहुत सारे रेलवे स्टेशन है जिनका केंद्र सरकार की अमृत योजना के तहत कायाकल्प किया जा रहा है,इसी क्रम में बिलासपुर रेल्वे जोन के अंदर आने वाला सबसे व्यस्ततम अनूपपुर रेल्वे स्टेशन जो कि एक जंक्शन भी है।अनूपपुर रेलवे स्टेशन को भी अमृत योजना के तहत कायाकल्प के माध्यम से यात्रियों के लिए सर्व सुविधाजनक का कार्य लगातार चल रहा है। किंतु उसके बावजूद भी अनूपपुर रेल्वे स्टेशन के सामने की जगह पर यात्रियों तथा अन्य लोगों द्वारा मूत्र विसर्जन किए जाने से उसके दुर्गंध के कारण दूसरे यात्रियों तथा रहवासियों का जीवन नरक बन चुका है। जिसका सबसे बड़ा कारण रेल्वे स्टेशन के बाहर एक भी सुलभ शौचालय का नहीं होना है।वही दूसरी ओर अनूपपुर रेल्वे स्टेशन परिसर के अंदर बने हुए शौचालय का उपयोग करने के लिए लोगों को प्लेटफार्म टिकट की आवश्यकता पड़ती है, ऐसी स्थिति में यात्रियों द्वारा रेल्वे स्टेशन के सामने स्थित जगह पर ही मूत्र विसर्जन कर दिया जाता है, जिसकी दुर्गंध से रेल्वे स्टेशन आने वाले अपनी ट्रेन के इंतजार में बैठे दूसरे यात्रियों तथा अन्य लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। जिसके लिए अत्यंत आवश्यक है कि अनूपपुर रेल्वे स्टेशन के बाहर भी यात्रियों तथा अन्य लोगों के लिए एक सुलभ शौचालय का निर्माण कराया जाए जिससे कि अनूपपुर रेल्वे स्टेशन के अमृत योजना कायाकल्प की वास्तविक रूपरेखा तथा मान बना रहे। अनूपपुर रेल्वे स्टेशन का कायाकल्प अमृत योजना के तहत करोड़ों रुपयों की लागत से हो रहा है,जहा पूरे स्टेशन को अंदर से लेकर बाहर तक सजाने का काम बखूबी किया जा रहा है।किंतु रेल्वे स्टेशन के बाहर मात्र एक सुलभ शौचालय की कमी होने से इस पूरे अमृत योजना पर जहर सा घुल गया है,इसका कारण यह है कि रेल्वे स्टेशन में आने वाले यात्रियों तथा अन्य लोगों द्वारा स्टेशन के सामने ही खाली पड़ी जगह पर मूत्र विसर्जन के दुर्गंध कारण स्वयं यात्रियों तथा अन्य लोगों का सांस तक लेना मुश्किल हो रहा है। भारतीय गण वर्ता (भगवा) पार्टी के जिला महासचिव वरुण चटर्जी और उनके साथी प्रशांत शुक्ला, जी. सूर्या राव, लक्ष्मीकांत नामदेव, रविन्द्र खंडेलवाल रितेश खंडेलवाल छोटु रैकवार, संजय द्विवेदी के द्वारा ज्ञापन के मध्यम सुलभ कांप्लेक्स के लिए बजट स्वीकृत कर इसका निर्माण कार्य प्ररम्भ कराए जाने की मांग किया जिससे कि यात्रियों को राहत मिल सके।



## सदगुरु बाबा ईश्वर शाह की अगुवाई में निकाली गई विशाल शोभा यात्रा

**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति कटनी मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में 12 एवं 13 अप्रैल शनिवार एवं रविवार को रामघाट में आयोजित होने वाले हरे माधव सत्संग कार्यक्रम में शिरकत करने वाले प्रमुख संत सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब जी की परंपरागत ढंग पूरे आत्मीयता भक्ति भाव श्रद्धा के साथ भक्त श्रद्धालुओं ने बाबा शाह का कल्याण सेवा आश्रम के सामने आगमन पर ढोल नगाड़े जय घोष नारे लगाकर दीप कलश दिखाकर स्वागत बंदन अभिनंदन सायं काल पुरुष महिलाओं युवक युवतियों ने अपने सदगुरु देव भगवान का स्वागत अभिनंदन किया। हरे माधव सत्संग कार्यक्रम में शामिल होने आए सिंधी समाज के हजारों की तादाद में भक्त श्रद्धालु जनो की भारी भीड़ के साथ शहंशाह सतगुरु भगवान ईश्वर शाह साहिब जी की भव्य एवं गरिमामयी उपस्थिति में विशाल शोभा यात्रा संध्याकाल 7 बजे कल्याण सेवा आश्रम के सामने से भव्य एवं महिती शोभा यात्रा निकली। सतगुरु भगवान बाबा ईश्वर शाह अपने भक्त श्रद्धालुओं अनुयायियों का अभिवादन स्वीकार करते रहे सभी भक्त श्रद्धालु गण पुरुष महिलाएं बालक बालिकाओं की पारंपरिक नृत्य ढोल धमाके के साथ रंग बिरंगी विद्युत रौशनी झालर आतिशबाजी कर करते हुए शोभा यात्रा मृत्युंजय आश्रम तक शोभा यात्रा आई । शोभा यात्रा के दौरान सभी का उत्साह उमंग जोश खरोश भक्ति भाव विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा । तत्पश्चात सतगुरु बाबा ईश्वर शाह जी ने सत्संग के लोगों के लिए भोजन प्रसादी भंडारा स्थल में पूजन अर्चन कर विधिवत शुभारंभ किया।

## 17 किलोमीटर दूरी तय कर धनगवां से गोबरी जंगल पहुंचे तीन हाथी



**अनूपपुर।** तीन हाथियों का समूह शुक्रवार के दिन वन परिक्षेत्र, थाना एवं तहसील जैतहरी अंतर्गत धनगवां बीट के जंगल में दिन भर विश्राम करने बाद देर शाम को जंगल से निकल कर लगभग 17 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए शनिवार की सुबह एक बार फिर गोबरी के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं, हाथियों द्वारा देर रात जैतहरी नगर में पहुंचकर बस स्टैंड के पीछे स्थित बाउंड्री वॉल को पार करने हेतु अनेको वार तोड़ने का हर संभव प्रयास किया लेकिन बाउंड्री नहीं टूटने से तीनों हाथियों ने दूसरा रास्ता अपनाते हुए रेलवे लाइन पार किया। इस दौरान वनविभाग के साथ जैतहरी थानाप्रभारी अमर वर्मा पुलिस बल के साथ पूरी रात हाथियों के विचरण पर निगरानी बनाए रखते हुए आम जनों को हाथियों से दूर रखा, रात के दौरान हाथियों के द्वारा किसी भी तरह का विशेष नुकसान नहीं पहुंचाया। तीन हाथियों का दल 23वें दिन निरंतर अनूपपुर जिले के जैतहरी इलाके में विचरण कर रहा है जो शुक्रवार को पूरे दिन विगत 7-8 दिनों से धनगवां के जंगल में विश्राम करने के बाद देर शाम जंगल से निकल कर कुसुमहाई, पटौरा, टकहुली, लहरपुर, मुर्रा गांव से गुजरता हुआ देर रात नगर परिषद जैतहरी में अनूपपुर-जैतहरी-वेंकटनगर मुख्य मार्ग को पार कर बस स्टैंड के पीछे स्थित शेड, बाउंड्री वॉल में पहुंच कर जहां से वह पूर्व में भी आए गए रहे नगर परिषद जैतहरी द्वारा सेट एवं बाउंड्री वॉल का निर्माण कर दिया रहा की बाउंड्री वॉल से निकलने के लिए तीनों हाथी अनेको वार तोड़ने की कोशिश की लेकिन बाउंड्री वाल के मजबूती के कारण नहीं टूटने से मजबूर तीनों हाथी वापस आकर बस स्टैंड के समीप दूसरे रास्ते से मोजर बियर को जाने वाली रेल्वे लाइन एवं अनूपपुर बिलासपुर के मुख्य रेलवेलाईनों को पार करते हुए बंजारी टोला से तिपान नदी पार कर शनिवार की सुबह होते एक बार फिर से ग्राम पंचायत एवं वन बीट गोबरी के झुरहीतलैया जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं,तीनों हाथियों द्वारा पूरी रात तक विचरण दौरान ग्रामीण जनों के किसी भी संपत्ति का विशेष नुकसान नहीं किया हाथियों के विचरण पर निगरानी रखने हेतु वनविभाग की तीन अलग-अलग गस्ती दल के साथ जैतहरी थाना प्रभारी अमर वर्मा पुलिस बल के साथ पूरी रात हाथियों के विचरण पर निगरानी रखते हुए आम जनों को हाथियों से दूर रखने का प्रयास करते रहे इस बीच कई गांव के ग्रामीण हाथियों को अपने टोला, मोहल्ला एवं क्षेत्र से बाहर किए जाने हेतु हो-हल्ला, पटाखा एवं अन्य माध्यम से प्रयास करते दिखे।